लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक: 8.1.2020 पृष्ठ सं.: 6 कॉलम: 5-6

# शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा शिक्षकों की योग्यता पर करती है निर्भर : डॉ. सहरावत



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व प्रतिभागी।

**हिसार (ब्यूरो)।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में 21 दिवसीय शिक्षा प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक, डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा शिक्षकों की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है। एक शिक्षक तब तक अच्छा शिक्षक नहीं बन सकता जब तक उसमें सीखने की इच्छा न हो। अच्छे शिक्षक को शिक्षा क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली सभी तकनीकों से परिचित होना चाहिए। मानव संसाधन निदेशालय के निदेशक, डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिलाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंजू महता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तित्व विकास, सूक्ष्म शिक्षा, शिक्षा में कंप्यूटर आधारित तकनीकों का प्रयोग आदि विषयों पर जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. जयंती टोकस, डॉ. कमलेश भारती, डॉ. जितेंद्र भाटिया, नवीन जैन आदि मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........

दिनांक 8.1.2020 ........ पृष्ठ सं. 17 ........ कॉलम 6 ........

# शिक्षकों की योग्यता व कौशल पर निर्भर करती है शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा : एसके

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन निदेशालय में 21 दिवसीय शिक्षा प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान अनुसंधान निदेशक, डा. एसके सहरावत मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा शिक्षकों की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है। अच्छे शिक्षक को शिक्षा क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली सभी तकनीकों से परिचित होना चाहिए।

मानव संसाधन निदेशालय के निदेशक, डा. एमएस सिद्धपुरिया ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. मंजू महता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तिव विकास, सूक्ष्म शिक्षा, शिक्षा मे कंप्यूटर आधारित तकनीकों का प्रयोग आदि विषयों पर जानकारी दी। डा. जयंती टोकस ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निदेशालय से डा. कमलेश भारती, डा. जितेन्द्र भाटिया, और नवीन जैन भी उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर, अमर उजाला, जागरण

दिनांक 8.1.2020 पृष्ठ सं 6, 6, 17 कॉलम 4, 1-2, 7-8

## मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण, आवेदन 15 फरवरी तक होंगे

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान (नजदीक गेट नं. 3, बालसमंद रोड) में इसी महीने मधुमक्खी पालन पर एक माह के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

सह निदेशिका (प्रशिक्षण), डॉ. मंजू दहिया के अनुसार इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त कार्यालय में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पहुंच कर 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है। सीटें सीमित हैं इसलिए दाखिला पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगा।

## हकृवि में मधुमक्खी पालन 15 जनवरी तक

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में इसी महीने मधुमक्खी पालन पर एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सह निदेशिका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क दिया जाएगा।

## एचएयू में दिया जाएगा मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में इसी महीने मधुमक्खी पालन पर एक माह के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। सह निदेशिका (प्रशिक्षण) डा. मंजू के अनुसार इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त कार्यालय में पहुंच 15 जनवरी तक आवेदन करें।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...सिटी पल्स...
दिनांक...7.1.2020... पृष्ठ सं...3... कॉलम...1...

## हकृवि मे मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान (नजदीक गेट नंबर 3, बालसमंद रोड़) में इसी महीने मधुमक्खी पालन पर एक माह के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। सह निदेशिका (प्रशिक्षण), डॉ. मंजू दहिया के अनुसार इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त कार्यालय में (सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे) पहुंच कर 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है। सीटें सीमित हैं इसलिए दाखिला पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक 8.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-4

# हौटा चुनाव : डॉ. कर्मल मलिक प्रधान, डॉ. रविंद्र चुने गए सचिव

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के कुल 526 सदस्यों में से 504 ने किया मतदान

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) की नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो गई। इस दौरान डॉ. कर्मल मलिक प्रधान और डॉ. रविंद्र ढिल्लो सचिव चुने गए। दो दिनों तक चली मतदान प्रक्रिया में संघ के 526 सदस्यों में से 504 ने मतदान किया। इससे पहले सोमवार को विवि के बाहरी केंद्रों पर वोट डाले गए थे।

बता दें कि दो दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया के तहत कुल 12 पदों के लिए 22 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इस दौरान प्रधान पद के लिए चार, उपप्रधान के लिए चार, सचिव के लिए छह, संयुक्त सचिव के लिए दो, कोषाध्यक्ष के लिए एक और मेंबर के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। नामांकन वापसी के दौरान प्रधान पद के एक, सचिव पद के चार उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं उपप्रधान व संयुक्त सचिव पद पर सर्वसम्मति बन गई, जबकि कोषाध्यक्ष के लिए सिर्फ एक नामांकन और मेंबर के लिए निर्धारित संख्या से कम नामांकन आने के कारण इस चुना जाना तय है। अब सिर्फ प्रधान व सचिव पद के लिए चुनाव होगा। प्रधान पद के लिए तीन तो सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में हैं।


डॉ. कर्मल मलिक। - अमर उजाला


डॉ.रविंद्र ढिल्लो। - अमर उजाला

**सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ मतदान :** एचएयू के एग्रीकल्चर कॉलेज के ऑडिटोरियम में सुबह साढ़े नौ बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम साढ़े चार बजे तक चला। इसके बाद मतगणना शुरू की गई। शाम साढ़े छह बजे चुनाव के नतीजे घोषित किए गए। चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ ही विजेता उम्मीदवारों के चेहरों पर खुशी तो हारने वालों के चेहरों पर मायूसी छा गई।

**दूसरे दिन 344 ने किया मतदान :** शिक्षक संघ के कुल 526 सदस्य है। पहले दिन बाहरी केंद्रों पर हुए चुनाव में 164 में से 138 सदस्यों ने अपने मत का इस्तेमाल किया। वहीं मंगलवार को विवि परिसर में कार्यरत 362 में से 344 ने वोट डाले। 22 सदस्यों ने चुनाव वाले दिन कहीं बाहर जाने के कारण पहले ही मतदान कर दिया था।

### इतने मिले वोट

- **प्रधान पद**
- डॉ. कर्मल मलिक-214
- डॉ. प्रदीप चहल-154
- डॉ. राज सिंह मलिक-124
- **सचिव पद**
- डॉ. रविंद्र ढिल्लो-257
- डॉ. रश्मि त्यागी-242
- **चुने गए अन्य कार्यकारिणी सदस्य**
- **उपप्रधान :** डॉ. बलवान सिंह मंडल।
- **कोषाध्यक्ष :** डॉ. अनुराग।
- **संयुक्त सचिव :** इंजी. अजीत सांगवान।
- **मेंबर :** डॉ. देवेंद्र चहल, डॉ. विरेंद्र दलाल, इंजी. नरेश व डॉ. सतपाल।

*"चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न हुआ है। डॉ. कर्मल मलिक प्रधान और डॉ. रविंद्र ढिल्लो सचिव पद पर चुने गए हैं। बाकी सदस्यों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया है।*

***- डॉ. समुंद्र सिंह, वैकल्पिक चुनाव अधिकारी***

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....

दिनांक 8.1.2020 .... पृष्ठ सं. 15 .... कॉलम 6.8

# एचएयू में दूसरी बाद हौटा के प्रधान बने डा. करमल, डा. चहल को हराया

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को हौटा के प्रधान, सचिव पद पर चुनाव हुआ। जिसमें प्रधान पद पर डा. करमल सिंह ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने सामने चुनाव लड़ रहे डा. प्रदीप चहल को 60 वोटों से हराया। इससे एक वर्ष पहले ही डा. करमल प्रधान पद को संभाल चुके हैं। मगर पिछले वर्ष महज 3 वोटों से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार सचिव पद पर डा. रश्मि त्यागी व डॉ रविंद्र सिंह ढिल्लों के बीच फाइट थी, जिसमें डॉ ढिल्लों ने जीत दर्ज की। वहीं डा. रश्मि त्यागी महज 15 वोटों से रिकार्ड बनाने से चूक गईं। क्योंकि अभी तक एचएयू में हौटा के चुनावों में सचिव पद पर किसी महिला ने जीत दर्ज नहीं कराई। वहीं वाइस प्रधान, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व सदस्य पदों पर निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन हुआ। गौरतलब है कि पदाधिकारियों को चुनने के लिए हिसार कैंपस व प्रदेश भर के सभी केन्द्रों से शिक्षकों व वैज्ञानिकों ने छह व सात जनवरी को अपना मतदान दिया।



एचएयू के एग्रीकल्चर कॉलेज के सभागार में शिक्षक संघ के चुनाव के दौरान मतदान करवाते चुनाव अधिकारी व मतदान करने के लिए पर्ची लेते डा. मुकेश सैनी । जागरण

**ये हैं लक्ष्य** : जीत के बाद हौटा प्रधान डा. करमल ने बताया कि एक वर्ष में कुछ लक्ष्य उन्होंने पहले से ही निर्धारित किये हैं। जिसमें शासन व प्रशासन के साथ समन्वय से समस्याओं का समाधान कराना, पांच पीएचडी में इंक्रीमेंट, पांच सर्विस काउंटिंग, विश्वविद्यालय में पांच दिन का सप्ताह, प्रोफेसर सर्विस स्केल में बढ़ोत्तरी के साथ हौटा वर्षभर रचनात्मक कार्यों में सहयोग करेगा।

### यह है हौटा की नई कार्यकारिणी

| | |
|---|---|
| प्रेसीडेंट | डा. करमल सिंह |
| वाइस प्रेसीडेंट | डा. बलवान सिंह मंडल |
| सचिव | डा. रविंद्र सिंह ढिल्लों |
| संयुक्त सचिव | अजीत सांगवान |
| कोषाध्यक्ष | डा. अनुराग |
| सदस्य | डा. देवेंद्र चहल, डा. वीरेंद्र दलाल, नरेश, डा. सतपाल |

### किसको कितने मिले वोट

**प्रधान पद पर**

| | |
|---|---|
| डा. करमल सिंह | 214 |
| डा. प्रदीप चहल | 154 |
| डा. राज सिंह | 124 |

**सचिव पद पर**

| | |
|---|---|
| डा. रविंद्र सिंह ढिल्लों | 257 |
| डा. रश्मि त्यागी | 242 |

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक 8.1.2020 पृष्ठ सं. 1 कॉलम C-1-3

# डॉ. करमल सिंह बने हौटा अध्यक्ष, डॉ. चहल को 60 मत से हराया

## एचएयू : सेक्रेटरी पद पर डॉ. रविंद्र ने 257 मत पाकर डॉ. रश्मि को 15 मत से हराया

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के हौटा का चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ. करमल सिंह ने प्रतिद्वंद्वी डॉ. प्रदीप चहल को 60 मत से शिकस्त दी। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। करमल सिंह को 214, डॉ. प्रदीप को 154 और तीसरे प्रत्याशी डॉ. राज सिंह को 124 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. बलवान सिंह को सर्वसम्मति से विजयी घोषित किया गया। उनके सामने कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं था। सेक्रेटरी पद पर डॉ. रविंद्र सिंह और डॉ. रश्मि त्यागी चुनाव मैदान में थे। यहां टक्कर कड़ी रही। डॉ. रविंद्र ने 257 मत पाकर डॉ. रश्मि को 15 मतों से हराया। डॉ. रश्मि को 242 मत मिले। ज्वॉइंट सेक्रेटरी पद डॉ. अजित सांगवान को सर्वसम्मति से विजयी घोषित किया गया। वहीं डॉ. देवेंद्र चहल, डॉ. वीरेंद्र दलाल, डॉ. नरेश और डॉ. सतपाल सर्वसम्मति से सदस्य चुने गए। मौके पर डॉ. आरएस हुड्डा, एचएयू के डीन एसके सहरावत, एचओडी डॉ. समुंदर सिंह, मीडिया प्रभारी संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, पूर्व प्रधान डॉ. अनिल यादव, पूर्व प्रधान डॉ. राज सिंह, डॉ. प्रदीप चहल, डॉ. अवतार सिंह मौजूद रहे।



एचएयू के हौटा चुनाव में विजयी हासिल करने वाले अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह मलिक और अन्य।

### शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराना रहेगा प्राथमिकता में शामिल - डॉ. करमल

नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना रहेगा। शैक्षिक, रिसर्च के वातावरण को भी उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि किसानों की भी रिसर्च के माध्यम से मदद की जा सके।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि, पंजाब केसरी
दिनांक: 8.1.2020 पृष्ठ सं: 14, 2 कॉलम: 2-3, 7-8

## डॉ. करमल प्रधान व डॉ. ढिल्लो हौटा के सचिव निर्वाचित



डॉ. करमल सिंह।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) के प्रधान व सचिव पद के लिए मंगलवार को विश्वविद्यालय कैंपस में मतदान हुआ। डॉ. करमल सिंह प्रधान तथा डॉ. रविंद्र सिंह ढिल्लो सचिव निर्वाचित हुए हैं। बता दें कि डॉ. बलवान सिंह मंडल को उपप्रधान, इंजीनियर अजीत सांगवान को संयुक्त सचिव, डॉ. अनुराग को कोषाध्यक्ष, डॉ. देवेंद्र चहल, डॉ. विरेंद्र दलाल, इंजीनियर नरेश तथा डॉ. सत्यपाल को कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर पहले ही चुना जा चुका है। इससे पूर्व मंगलवार की सुबह विश्वविद्यालय कैंपस में चुनाव अधिकारी डॉ. समुंद्र सिंह की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। प्रधान पद के लिए डॉ. करमल सिंह, डॉ. प्रदीप चहल व डॉ. राजसिंह तथा सचिव पद के लिए डॉ. रश्मि त्यागी व डॉ. रविंद्र सिंह ढिल्लो के बीच मुकाबला था। डॉ. करमल सिंह ने 214 वोट लेकर अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी डॉ. प्रदीप चहल को 60 वोटों के अंतर से हराया। डॉ. चहल को 154 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहने वाले डॉ. राजसिंह को 124 वोट मिले। सचिव पद के लिए डॉ. रविंद्र ढिल्लो तथा डॉ. रश्मि त्यागी के बीच मुकाबले कांटे का रहा। डॉ. ढिल्लो ने 257 वोट लेकर डॉ. त्यागी को मात्र 15 वोटों के अंतर से शिकस्त दी। डॉ. त्यागी को 242 वोट मिले।

## डा. करमल बने हकृवि शिक्षक संघ के प्रधान



हिसार, 7 जनवरी (ब्यूरो): हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हकृवि शिक्षक संघ के चुनाव हुए। चुनाव 5 पदों के लिए आयोजित करवाया। चुनाव प्रकिया 2 दिन चली। गत सोमवार को विश्वविद्यालय के बाहरी मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया हुई। मंगलवार को विश्वविद्यालय कैम्पस के वोटरों ने वोट डाले। प्रधान पद की दौड़ में डा. करमल सिंह ने 214 वोट प्राप्त करके जीत हासिल की। उनके, निकटतम उम्मीदवार डा. प्रदीप चहल को 154 वोट मिले। डा. करमल ने बताया कि डा. बलवान सिंह मंडल को उपप्रधान व इंजी. अजीत सांगवान को संयुक्त सचिव के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधान व सैक्रेटरी पद के लिए ही चुनाव हुआ था। अन्य पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधान पद के लिए 3 व सैक्रेटरी पद के लिए 2 उम्मीदवार मैदान में थे। सैक्रेटरी पद के लिए डा. रविंद्र ढिल्लों को 257 वोट मिले। उनके निकटतम उम्मीदवार डा. रश्मि त्यागी को 242 वोट मिले। कार्यकारिणी मैम्बर डा. देवेंद्र चहल, डा. विरेंद्र दलाल, डा. सतपाल, इंजी नरेश को चुना गया।